घर बैठे कोविड-19 टीकाकरण और बूस्टर सेवा प्रदान करना, उन्नत पहुँच और सेहत समानता में मदद करते हैं

Washington राज्य के लगभग 30 प्रतिशत निवासियों को कोविड-19 के विरुद्ध पूरी तरह से टीकाकृत नहीं माना जाता है। डेटा से पता चलता है कि टीकाकरण वायरस से बचाता है। यदि आप वायरस से संक्रमित होते हैं तो टीकाकरण गंभीर बीमारी और मृत्यु की संभावना को कम करता है और वायरस से संबंधित अस्पताल में भर्ती होने को कम करने में मदद करता है। कोविड-19 के नए उपभेदों के विरुद्ध आपकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बनाए रखने में मदद करने के लिए प्रारंभिक टीका श्रृंखला और एक बूस्टर खुराक प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। बूस्टर के लिए वर्तमान सुझाव, नीचे दिए गए चार्ट में दिखाए गए हैं:

प्राथमिक श्रृंखला के लिए प्राप्त टीका	टीका बूस्टर के लिए अधिकृत आयु	अंतिम प्राथमिक खुराक (लागू होने पर अतिरिक्त खुराक सहित) और बूस्टर खुराक के बीच का अंतराल	खुराकों की संख्या
Pfizer-BioNTech	≥ 12 वर्ष	≥ 5 महीने	1
Moderna	≥ 18 वर्ष	≥ 5 महीने	1
Janssen	≥ 18 वर्ष	≥ 2 महीने	1

अपनी और उन लोगों की रक्षा करने में मदद करें जो टीकाकरण करवाने में असमर्थ हैं। कई घर में रहने वाले लोग अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने के लिए दूसरों पर भरोसा करते हैं, जबकि अन्य नियमित रूप से अपने घरों में आते हैं। वे अन्य लोगों द्वारा वायरस के संपर्क में आने की चपेट में रहते हैं जो बिना टीकाकरण के हो सकते हैं या अनजाने में सामुदायिक संचारण का अनुभव कर सकते हैं।

यदि आप या आपका कोई परिचित घर पर है और उसे कोविड-19 के टीके या बूस्टर की आवश्यकता है, तो नीचे दिए विकल्पों में से किसी एक द्वारा आज ही इसके लिए अनुरोध करें:

• घर पर टीकाकरण सेवाएं प्राप्त करने के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य क्षेत्राधिकार को कॉल करें।

• राज्य कोविड-19 सहायता हॉटलाइन पर कॉल करके उन्हें बताएं कि आपको घर पर टीकाकरण सेवाओं की आवश्यकता है। 1-800-525-0127 या 1-888-856-5816 डायल करें, फिर # दबाएं। **भाषा संबंधित सहायता उपलब्ध है।**

• खुद को उपलब्ध काउंटी और/या राज्य की मोबाइल टीकाकरण टीमों से जोड़ने के लिए नीचे लिंक किए गए, ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म को पूरा करें जो घर पर टीकाकरण सेवाएं प्रदान कर सकते हैं या उनकी व्यवस्था कर सकते हैं।

Department of Health (DOH, स्वास्थ्य विभाग) घर बैठे टीकाकरण करवाने का अनुरोध करने के सर्वे का लिंक: https://redcap.link/WA_HomeBasedVax (अंग्रेज़ी)।

यदि आपके पास इस सेवा से संबंधित कोई प्रश्न हैं, तो कृपया ईमेल करें: covid.vaccine@doh.wa.gov

प्रोग्राम का इतिहास

Department of Health (DOH, स्वास्थ्य विभाग) ने मार्च 2021 में घर पर टीकाकरण प्रदान करना शुरू किया। DOH घर बैठे टीकाकरण करवाने का अनुरोध करने के सर्वे (अंग्रेज़ी) Washington राज्य में सभी 39 काउंटियों को कवर करता है। क्षेत्र के टीकाकरणकर्ता, जरूरतमंद लोगों को प्राथमिक प्रतिरक्षण और बूस्टर खुराक देने के लिए जरुरी पहुंच और सेवाएं प्रदान करना जारी रखते हैं। कोविड-19 सहायता हॉटलाइन

(1-800-525-0127 या 1-888-856-5816 डायल करें) पर कॉल करके अतिरिक्त भाषाओं में, घर पर टीकाकरण सेवाओं का अनुरोध किया जा सकता है, कॉल करने के बाद भाषा से संबंधित सहायता के लिए # दबाएं।

टीका समानता में सुधार

घर पर टीकाकरण सेवाएं राज्य के उन क्षेत्रों में कोविड-19 टीके प्रदान करती हैं, जहां किसी भी कारण से टीकाकरण अनुपलब्ध हो सकता है। सेवाओं का उद्देश्य उन लोगों के लिए सेहत समानता और कोविड-19 टीकाकरण की पहुंच को आगे बढ़ाना है, जो निम्न हो सकते हैं:

- घर से निकलने, लाइन में खड़े होने या चलने में पूरी तरह असमर्थ।
- शारीरिक या बौद्धिक अक्षमता का अनुभव करने वाले।
- पहुंच को सीमित करने वाली मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का अनुभव करने वाले।

घर बैठे टीके लगवाने की सुविधा देना, राज्य के उन क्षेत्रों में स्वास्थ्य समानता को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं, जिन्हें टीके के रेगिस्तान कहा जाता है। टीके के रेगिस्तान तब बनते हैं, जब निम्न में से कोई एक सत्य हो:

- जहाँ कोई टीकाकरण स्थान नहीं हैं।
- जहाँ टीका देने वाला कोई स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता नहीं है।
- जहाँ भौगोलिक क्षेत्र और मौजूदा आबादी की सेवा के लिए कुछ प्रदाता उपलब्ध हैं।

जनता के लिए टीकाकरण सेवाएं अनुपलब्ध हो सकती हैं या इन स्थानों पर पहुंचना कठिन हो सकता है। घर पर टीकाकरण सेवा राज्य के भौगोलिक और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए अधिक कठिन परिस्थितियों में रहने पर अक्सर अनुभव की जाने वाली पहुँच संबंधी समस्याओं को दूर करती है।

मोबाइल टीकाकरण सेवाएं लोगों को सीधे उनके घरों में जीवन रक्षक टीके तक पहुंच प्रदान करने में मदद करती हैं। यह सेवा सीधे तौर पर उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती है जिन्हें उच्च सामाजिक भेद्यता सूचकांक के रूप में जाना जाता है, जो संभावित स्वास्थ्य असमानताओं को दर्शाता है। लोग सर्वे के माध्यम से प्रतिरक्षण का अनुरोध कर सकते हैं, भले ही वे Washington राज्य में कहीं भी रहते हों।

क्या कोविड-19 टीके के अलावा, घर पर अन्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं?

वर्तमान में, मोबाइल नर्स टीमें केवल कोविड-19 प्रतिरक्षण के लिए टीका प्रदान कर सकती हैं। बुखार के टीके और अन्य संभावित सेवाएं जैसे प्रयोगशाला रक्त ड्रा इस समय उपलब्ध नहीं हैं।

मोबाइल टीम सेवा कोविड-19 से मृत्यु और अस्पताल में भर्ती होने के लिए सबसे बड़ी जोखिम वाली आबादी के लिए अग्रिम सेहत समानता में मदद करने के लिए उपलब्ध है। कृपया किसी ऐसे व्यक्ति के लिए सर्वे पूरा करें, जिसे आज ही कोविड-19 के टीके की आवश्यकता है।

अनुरोध दर्ज करने के बाद मैं क्या उम्मीद कर सकता/सकती हूं?

DOH साप्ताहिक रूप से अनुरोध फ़ॉर्म एकत्र करता है और उन्हें जरुरी पहुंच और कार्यवाही के लिए, निवासी के स्थानीय स्वास्थ्य क्षेत्राधिकार में भेजता है। स्थानीय स्वास्थ्य कार्यालय के कर्मचारी, मोबाइल प्रतिरक्षण टीम से संपर्क करेंगे। यदि स्थानीय स्वास्थ्य कर्मचारी घर पर टीकाकरण के लिए समन्वय करने में सक्षम नहीं हैं, तो वे समर्थन के लिए DOH के साथ समन्वय करेंगे।
अनुवाद से संबंधित किसी भी आवश्यकता को पूरा करने के लिए, दूरस्थ भाषा लाइन सहायता उपलब्ध है। यदि कोई स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यालय मदद करने में असमर्थ है, तो कार्यालय, DOH से सहायता का अनुरोध कर सकता है। मोबाइल प्रतिरक्षण टीम नि:शुल्क घर-आधारित कोविड-19 टीका सेवा शेड्यूल करने के लिए अनुरोधकर्ता के साथ संपर्क करेगी।

DOH 821-169 March 2022 Hindi
इस दस्तावेज़ को किसी दूसरे प्रारूप में पाने का अनुरोध करने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बधिर या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।